हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 28 मई 2026

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

11 कुथरेल में तालाब खुदाई को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी...


12 चिखलाकसा में निःशुल्क कला शिविर बना प्रेरणा का...




## खबर संक्षेप

### बाइक चोर पुलिस की गिरफ्त में



**भिलाई।** बाइक चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सोनिया गांधी नगर निवासी सलीम मलिक को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने पावर हाउस ओव्हरब्रिज के नीचे से बाइक सीजी 07 बीई 6696 और एक बाइक जब्त किया गया है।

### आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले धरे गए

**भिलाई।** सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम में रौब झाड़ते हुए, दबंगई दिखाने वाले युवकों को पुलिस ने धारदार हथियार के साथ आपत्तिजनक पोस्ट करने पर गिरफ्तार किया है। रानीतराई पुलिस ने बताया कि ग्राम औसर रानीतराई निवासी तुलाराम गायकवाड़,गुलशन भारती को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर दोनों युवकों ने स्वीकार किया कि इंस्टाग्राम में पोस्ट कर दबंगई दिखा रहे थे। युवकों को न्यायालय प्रस्तुत कर जेल भेजा गया। आरोपियों से इंस्टाग्राम पोस्ट से जुड़े मोबाइल फोन,डिजिटल साक्ष्य बरामद किया गया है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील किया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक, भय उत्पन्न करने वाली, कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाली पोस्ट साझा न करें। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### निर्माणाधीन बिल्डिंग में मिला युवक का शव

**भिलाई।** मंगलवार को दक्षिण गंगोत्री क्षेत्र के निर्माणाधीन बिल्डिंग में एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिला है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि भीम नगर निवासी संजय मनहारे के रूप में शव का शिनाख्त हुआ है। युवक की उम्र 30 वर्ष बताई गई है। संजय निर्माणाधीन बिल्डिंग में में काम करता था। लोगों ने उसका शव बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर में पड़ा देखा। पुलिस को सूचना मिलने पर शव को पीएम के लिए भेज कर परिजनों को खबर दी। बताया जा रहा है कि मृतक संजय लंबे समय से नशे का आदी था। मौत का कारण पीएम के बाद ही पता चल पाएगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू कर दी है। आसपास के लोगों से मृतक युवक के बारे में पूछताछ की जा रही है। कारणों का अब तक खुलासा नहीं हो पाया है।

### ट्यूबवेल से कॉपर वायर चोरी करने वाले पांच गिरफ्तार

**भिलाई।** खेत और ग्राम पंचायत के ट्यूबवेल से कॉपर चोरी करने वाला पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने पुलिस ने बताया कि ग्राम चांगोरी निवासी तुलसीराम देशमुख ने शिकायत किया था कि उनके खेत में लगे ट्यूबवेल से 100 मीटर कॉपर वायर चोरी हो गया। पुलिस ने जांच करना शुरू किया, जिसमें संदेह के आधार पर आरोपी चंदू लोहार, वासु यादव, शंकर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि कॉपर वायर को चोरी कर रायपुर निवासी सहल उद्दीन को बेचा है। सहल उद्दीन के पास से 100 मीटर कॉपर वायर की कीमत 15 हजार रुपये का बरामद किया गया है। इसके अलावा सरपंच ग्राम अंजोरा में भी ग्राम पंचायत के पास तालाब स्थित ट्यूबवेल से 90 मीटर कॉपर वायर पार हो गया था। जिसे आरोपियों ने रायपुर मौदहापारा निवासी जय नारायण को बेचना बताया है। जय नारायण के पास से 90 मीटर कॉपर वायर 12 हजार का जब्त किया गया है।

# अंडा में 30.50 करोड़ की लागत से बना नया 132/33 केवी उपकेंद्र ऊर्जीकृत, 38 गांवों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी निरंतर और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पारेषण क्षमता का लगातार विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के ग्राम अंडा में लगभग 30 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से 132/33 केवी के नए उपकेन्द्र का निर्माण किया गया है, जिसकी क्षमता 80 एमवीए है।

उपकेंद्र को ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने बटन दबाकर ऊर्जीकृत किया। इस क्षमता विस्तार से दुर्ग जिले के 38 से अधिक गांवों के विद्युत उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की बिजली मिल सकेगी। इस अवसर पर

## मिलेगी निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली





शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं पॉवर कंपनी के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में प्रदेश के पारेषण नेटवर्क को मजबूत बनाने का कार्य योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। इसी के तहत ग्राम अंडा में 132/33 के.वी. के नए उपकेंद्र की स्थापना की गई है, जिसमें 40 एमवीए के दो पॉवर ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। इस उपकेंद्र से 33 केवी के 5 नये फीडरों के माध्यम से सुचारु रुप से बिजली सप्लाई की जाएगी। इस उपकेंद्र के निर्माण से मुख्य रुप से अंडा, विनायकपुर, चंद्रखुरी, तिरगाझोला, कुथरेल, हनोदा, अंजोरा, मोहंदीपाट, निकुम, आलबरस, सकरौद, खप्परवाड़ा, रिसामा, चिंगरी, परसदा, ओटेबंद एवं देवरी सहित ▶▶| शेष पेज 10 पर

## विरोध : 'कागजी बजट' बताकर कांग्रेस ने किया नगर पालिका बजट का विरोध

# कांग्रेस पार्षदों ने फाड़ी बजट की कॉपी नगर पालिका की बैठक में मचा हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर पालिका के बजट को कागजी आकड़ों का बजट बताते हुए कांग्रेस पार्शदो द्वारा पालिका प्रशसन के खिलाफ नारेबाजी की गई। नगर पालिका परिषद बालोद में वर्ष 2026–27 का वार्षिक बजट पेश होने के दौरान परिषद की बैठक हंगामेदार रही। नेता प्रतिपक्ष कसीमुद्दीन कुरैशी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद दल ने बजट का जोरदार विरोध करते हुए इसे कागजी करार दिया। विरोध स्वरूप कांग्रेस पार्षदों ने बजट की प्रतियां फाड़कर हवा में उछाली और जमकर नारेबाजी की। बैठक के दौरान कांग्रेस पार्षदों ने कहा कि नगर विकास के नाम पर केवल बड़े–बड़े दावे किए जा रहे हैं, जबकि धरातल पर विकास कार्य दिखाई नहीं दे रहे। पार्षदों ने कहा कि वे भी शहर के विकास के पक्षधर हैं, लेकिन जनता को सिर्फ घोषणाओं और कागजी योजनाओं से भ्रमित करना उचित नहीं है।

- नेता प्रतिपक्ष कसीमुद्दीन कुरैशी बोले- बजट में नहीं दिखती ठोस योजना

नेता प्रतिपक्ष कसीमुद्दीन कुरैशी ने नगर पालिका अध्यक्ष की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रस्तुत बजट पूरी तरह दिखावटी है और इसमें विकास की कोई ठोस कार्ययोजना नजर नहीं आती।

कांग्रेस पार्षदों ने कहा कि वर्ष 2025–26 के बजट में 14 प्रमुख बिंदु शामिल किए गए थे, लेकिन धरातल पर केवल अटल परिसर का कार्य ही दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि बाकी योजनाएं आज भी अधूरी है या सिर्फ फाइलों तक सीमित है जिससे जनता में नाराजगी बढ रही है। पार्षदों ने आरोप लगाया कि अब नए बजट में फिर 10 नए बिंदु जोड़कर बड़े–बड़े सपने दिखाए जा रहे हैं, जबकि शहर की सड़क, नाली, पेयजल, सफाई और गरीबों से जड़ी मूलभूत समस्याए अब भी जस की तस बनी हुई हैं।

बैठक में कांग्रेस पार्षदों ने राशन कार्ड के मुद्दे को भी उठाया। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा टैक्स जमा करने की शर्त पर राशन कार्ड बनाना पूरी तरह गलत और जनविरोधी फैसला है। राशन कार्ड गरीब और जरुरतमंद परिवारों का अधिकार है, इसे टैंक्स से जोड़कर आम जनता को परेशान नहीं किया जाना चाहिए।

कांग्रेस पार्षदों ने कहा कि गरीबों के अधिकारों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बदर्शित नहीं किया जाएगा। वार्ड क्रमांक 8 की पार्षद रीता सोनी ने महिलाओं के लिए व्यायामशाला ओर महतारी सदन जैसी योजनाओं के अधूरे रहने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुविधाओं ओर सुरक्षा को लेकर नगर पालिका के पास कोई स्पष्ट योजना नहीं है। वहीं वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद विनोद बंटी शर्मा ने नगर के गार्डनों ओर सार्वजनिक स्थलों की बदहाल स्थिति पर चिता जताई। उन्होंने कहा कि बच्चों ओर युवाओं के लिए खेल एवं मनोरजन की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की जा रही है। कांग्रेस पार्षदों ने चेतावनी दी कि यदि वर्ष 2026–27 का बजट भी केवल कागजों तक सीमिता रहा और विकास कार्य धरातल पर दिखाई नहीं दिए तो काग्रेसजन धरना, प्रदर्शन और जनआदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि उनका संघर्ष शहर के विकास, गरीबों के अधिकार और जनता की आवाज बुलंद करने के लिए है।




**ये रहे उपस्थित** विरोध प्रदर्शन एवं बजट बैठक के दौरान नेता प्रतिपक्ष कसीमुद्दीन कुरैशी, उपनेता प्रतिपक्ष सुनील मलेकर, विधायक प्रतिनिधि धीरज उपाध्याय, पार्षद विनोद बंटी शर्मा, रीता सोनी, किरण साहू, सुमित शर्मा निर्देश पटेल एवं सतीश यादव सहित पार्षद कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बालोद के खिलाड़ियों का एमएमए चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन

## जीते गोल्ड और सिल्वर मेडल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जय बजरंग अखाड़ा व्यायाम शाला बालोद के क्लब में एमएमए मिश्रित मार्शल आट्र्स बॉक्सिंग, कुश्ती, जूजितसु, कराटे खिलाड़ियों का स्टेट से लेकर नेशनल चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर एक गोल्ड, दो सिल्वर मेडल जीता।

अखाड़ व्यायाम शाला के सचिव विजय पारख ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिवस हेड्स एमएमए चौंपियनशिप रायपुर में हमारे कॉम्बैट क्लब के खिलाड़ियों भव्य देशलहरे 11 वर्ष ने 30 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल, निहाल साहू 16 वर्ष ने 50 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल, चंदन निषाद ने सीनियर 65 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल और भविष्य ढीमर ने सीनियर सुपर हैवीवेट में श्रीलंका के फाइटर से इंटरनेशनल मैच जीता। विजय पारख ने बताया कि बहुत ही कम समय में क्लब के युवा अथक परिश्रम से एवं एमएमए कोच आकाश यादव के मार्गदर्शन और प्रशिक्षण में अपनी खेल प्रतिभा को संवार रहे हैं। अखाड़ा व्यायाम शाला के इन खिलाड़ीयो का मिश्रित मार्शल आर्ट के क्षेत्र मे बालोद जिले को स्टेट, नेशनल और अब इंटरनेशनल ग्राउंड पर विजयी बनाना उन युवाओं के लिए प्रेरणास्पद है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन, खेल विभाग, जिले के जनप्रतिनिधियों, मीडिया प्रेस क्लब संगठनों, चैंबर ऑफ कॉमर्स सहित अन्य समाजसेवी संस्थाओं, जय बजरंग अखाड़ा व्यायाम शाला के पदाधिकारियों नेमीचंद नाग, आनंद ढीमर, रामेश्वर ढीमर, विजय पारख, तनवीर आलम, जागेश्वर साहू, रवि पटेल, द्वारिका सिन्हा, मुकेश यादव ने हर्ष व्यक्त किया।

- स्टेट से इंटरनेशनल स्तर तक चमके बालोद के युवा फाइटर्स

# स्वास्थ्य सुविधाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर दिव्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित कराने हेतु कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होने कहा कि प्रत्येक लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित कराना शासन के विशेष प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की मंशानुरूप स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी–कर्मचारी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए आम नागरिकों को सुगम एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित कराएं।

- कलेक्टर ने की स्वास्थ्य विभाग की गहन समीक्षा,

कलेक्टर मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु किए जा रहे कायोंर् के अलावा स्वास्थ्य विभाग के मानवीय, भौतिक एवं अन्य जरूरी संसाधनों तथा रिक्त पदों की पूर्ति हेतु की जा रही कार्यवाही आदि की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कायोंर् को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आम नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाशत नही की जाएगी। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने जिले में स्वास्थ्य विभाग के रिक्त पदों के संबंध में जानकारी लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इसकी पूर्ति हेतु शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से विशेषज्ञों एवं चिकित्सा अधिकारियों के अलावा अन्य शेष पदों पर भर्ती हेतु शीघ्र प्रक्रिया प्रारंभ करने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने संस्थागत प्रसव, मानसिक स्वास्थ्य, एनीमिया मुक्त भारत अभियान, टीबी मुक्त भारत अभियान तथा कुष्ठ मुक्त अभियान के कायोंर् के अलावा आयुष्मान आरोग्य मंदिर आदि के कायोंर् की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार निर्धारित समयावधि में कायोंर् का क्रियान्वयन सुनिश्चित कर जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# गुण्डरदेही में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का स्वागत, रामधार साहू हुए सम्मानित

**गुण्डरदेही।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा रायपुर से चुनाव प्रचार के लिए बालोद जिले के पलारी नगर पंचायत जा रहे थे। इस बीच श्री शर्मा कुछ समय के लिए धमतरी चौक गुण्डरदेही में रुके, जहां भाजयुमो जिला अध्यक्ष गुलशन साहू व सौरभ चोपड़ा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल–मालाओं के साथ उप मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

इस दौरान लोरिक चंदा के संस्थापक रामधार साहू को छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं लोक परंपराओं के संरक्षण में उनके विशेष योगदान के लिए छत्तीसगढ़ धरोहर के रूप में सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में उपस्थित लोगों ने रामधार साहू द्वारा लोक संस्कृति को आगे बढ़ाने के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े कई प्रमुख लोग मौजूद थे। स्वागत के दौरान भाजपा नेता मोहनलाल जैन, श्रीकांत वर्मा, चेतन साहू, नितिश राम एवं पंकज चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थिति थे।



# पलारी में भाजपा का दमदार रोड शो किरण सिंह देव ने भरी जीत की हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नगर पंचायत पलारी चुनाव प्रचार अपने चरम पर पहुंच गया है। भाजपा प्रत्याशी लखन लाल गुरूपंच के पक्ष में प्रचार करने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के पलारी पहुंचे। किरण सिंह के आगमन पर कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकालकर नगर के प्रमुख मागोंर् से होकर सभा स्थल पहुंची। भाजपा नेताओ ने कहा पलारी में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी।

सभा में किरण सिंह देव ने कहा कि पलारी में भाजपा मजबूत है, पार्टी विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार बनने पर नगर में सड़क, नाली, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था सहित मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विकास होगा। भाजपा ने ही पलारी को नगर पंचायत का दर्जा दिया है और भाजपा ही उसे संवारेगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पलारी में लगभग 5 करोड़ ▶▶| शेष पेज 10 पर





## गौ सेवकों का आरोप- कार्रवाई के अभाव में तस्करों के हौसले बुलंद

# गौ तस्करी रोकने करहीभदर और खेरथा बाजार बंद करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

करहीभदर और खेरथा बाजार बंद करने की मांग गौ भक्तो ने की है। प्रभावशाली कार्यवाही के अभाव में तस्करों के हौसले बुलंद है। गौ तस्करी करते पकड़े जाने पर तस्कर और कोचिए किसान बन जाते है, करहीभदर और खेरथा बाजार बंद नहीं होने से गौ सेवकों में रोष व्याप्त है।

- गौ सेवकों ने लगाए धमकी और दबाव बनाने के आरोप

उक्त बाते गौ भक्तो ने कही है। उन्होने आरोप लगाया कि जिले में गो तस्करी एकाएक बढ़ गई है। पहले तस्कर गाड़ियों द्वारा परिवहन करके कत्लखाने ले जाते रहे। जब गौ सेवकों द्वारा गाड़ियों को पुलिस प्रशासन के सहयोग से पकड़ी जाने लगी तो ग्रामीण कोचियों को शामिल कर तस्करों ने स्लीपर सेल के माध्यम से एक बाजार से दूसरे बाजार की रणनीति अपना कर करहीभदर और खेरथा बाजार को केंद्र बना कर अंजाम देना शुरू किया। अनुमान है कि इन दोनों बाजारों के माध्यम से हर सप्ताह स्लीपर सेल के माध्यम से 6000 से 7000 गौ वंशों को कत्लखाने पहुंचाए जाते हैं। गौ सेवकों ने कई बार अपने स्तर पर प्रशासन के साथ मिलकर अंकुश लगाने की कोशिश किया। जैसे ही तस्कर और कोचिए पकड़ में आते है अपने को किसान बना लेते है।

इस तरह की दो वाकयात बालोद जिला के दो क्षेत्रें में हुई, पहली घटना कंवर चौकी क्षेत्र की है जहां दिन दहाड़े कंवर में ही गोवंश का अवैध परिवहन करने का समाचार वायरल हुआ। दूसरी घटना सोमवार दोपहर गौ धाम जिला समिति सदस्य गौ सेवा आयोग जिला बालोद ड पुरुषोत्तम सिंह राजपूत और गौ सेवक डेमन सिंह तथा कीर्तन सिंह सिन्हा तथा अध्यक्ष जिला गोधाम समिति योगेश्वर यादव द्वारा भरी दुपहरी में भूखे प्यासे नंदी बाबा को मारते पीटते वनांचल के गांव नगझर में ले जाते देख रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में पता चला कि ये गौ वंश को करहीभदर बाजार से खरीद कर कांकेर जिला के मुसुरपुट्टा बाजार ले जा रहे है। कोचियो ने बी जामगांव से खरीदी रसीद दिखाई, जिसमें कुल 54 नाग गौ वंश की रसीद रही, जबकि संख्या 60 थी, 6 नाग बिना रसीद परिवहन की जा रही थी। उन्हे भी बिना कार्यवाही के छोड़ दिया गया। चूंकि स्वयं परिवहनकर्ताओं ने स्वीकार किया कि हम मुसुरपुट्टा बाजार ले जा रहे हैं, स्पष्ट है कि वे पशु व्यवसाय करते है, पर इनके पास पशु व्यवसाय पंजीयन नहीं बनाना बताए, मेडिकल प्रमाण पत्र नहीं होने पर बाजार में ड्यूटी ड ने बताया कि बिना पशु व्यवसाय पंजीयन कार्ड के विभाग मेडिकल नहीं करता और बिना मेडिकल के परिवहन अवैध है। इसकी कल रिकडिंर्ग गौसेवकों के पास उपलब्ध हैं। इन सभी जानकारियों को लेकर गौ सेवकों ने गुरूर थाना प्रभारी को सूचना प्रेषित किया। ▶▶| शेष पेज 10 पर



**खबर संक्षेप**



## बीएसपी में ग्रुप इंटरेक्शन कार्यक्रम

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा गैर-कार्यपालक कर्मचारियों हेतु लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन (एलजीआई) कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण अभियान 15 मई तक मानव संसाधन विभाग में होगा। 5879 कर्मचारियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र एवं अन्य इकाइयों में घटित दुर्घटनाओं के कारणों, उनसे प्राप्त सीख एवं दुर्घटना निवारण उपायों पर चर्चा की गई।वर्क एट हाइट, परमिट टू वर्क सिस्टम, टूल बॉक्स टॉक, नियर मिस रिपोर्टिंग तथा रोड सेफ्टी आदि विषयों पर जानकारी दी गई। प्रत दुर्घटना रोकथाम के लिए आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य महाप्रबंधक (सुर देवदत्त सतपथी व सहायक प्रबंधक अजय टल्लू आदि अधिकारी उपस्थित थे।

## रामभद्राचार्य ने संपूर्ण जीवन सनातन संस्कृति को किया समर्पित



**दुर्ग।** कांग्रेस और भाजपा में जगद्गुरु रामभद्राचार्य को लेकर जुबानी जंग का दौर जारी है। उन्हें लेकर पिछले दिनों कांग्रेस नेता चरणदास महंत ने भी टिप्पणी की थी। इसे लेकर भाजपा प्रवक्ता नितेश साहू ने कहा कि रामभद्राचार्य सनातन धर्म, संत समाज और हिंदू आस्थाओं को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस नेता का बयान निंदनीय है। अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस की मानसिकता शुरू से ही सनातन धर्म, संत समाज और हिंदू आस्थाओं के विरोध की रही है। कभी भगवान श्रीराम को काल्पनिक बताया जाता है, कभी रामसेतु के अस्तित्व पर सवाल खड़े किए जाते हैं और अब संत समाज का अपमान किया जा रहा है। यह केवल एक संत का नहीं बल्कि करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों की भावनाओं का अपमान है।

# महंगाई डायन खाए जात है... कांग्रेस भवन में सरकार के विरोध में गूंजा गीत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कांग्रेस ने बढ़ती महंगाई के विरोध में मंगलवार को राजीव भवन में अनोखा प्रदर्शन किया। इस दौरान लोक गायक खुमान सिंह यादव, सहयोगी कलाकार संतोष निषाद, पवन यादव, संजय खरे की संगत में मशहूर गीत महंगाई डायन खाए जात है... पर कांग्रेसी कार्यकर्ता जमकर थिरकते नजर आए। उन्होंने बढ़ती महंगाई को लेकर विरोध दर्ज कराया। भाजपा सरकार के खिलाफ व्यंग्यात्मक सांस्कृतिक प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। पेट्रोल-डीजल एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं के बढ़ते दाम से सभी हलाकान और परेशान हैं। कार्यकर्ताओं ने चौपाल शैली में गीत, संगीत और नारों के माध्यम से बढ़ती महंगाई के खिलाफ आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के दौरान पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाद्य तेल, दाल, सब्जी एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं के लगातार बढ़ते दामों को लेकर केंद्र सरकार की नीतियों की तीखी आलोचना की गई। राकेश ठाकुर ने कहा कि पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार वृद्धि के कारण परिवहन महंगा हुआ है, जिसका सीधा असर खाने-पीने की वस्तुओं सहित हर जरूरत की चीज पर पड़ रहा है। रसोई गैस के बढ़ते दामों ने महिलाओं के घरेलू बजट को पूरी तरह बिगाड़ दिया है। भाजपा सरकार बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने में लगी हुई है, जबकि गरीब, किसान, मजदूर और आम आदमी लगातार आर्थिक बोझ झेलने को मजबूर है। इस अवसर पर विक्रांत अग्रवाल, राजीव गुप्ता, राम सूर्यवंशी, पुरुषोत्तम तिवारी, प्रकाश ठाकुर, जामवंत गजपाल, पवन पटेल, लोचन यादव,ज्वाला प्रसाद साहू, श्यामाचरण मनहर, शमसीर कुरैशी, संतलाल बंजारे, विसाल देशमुख, श्रीमति लक्ष्मी साहू, योगिता चंद्राकर, रज्जाक खाना, पालेश्वर ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

**लोक गायक खुमान सिंह यादव और उनके सहयोगी कलाकारों ने दी प्रस्तुति**




### केंद्र की विफलताओं को पहुंचाएंगे जनता तक

आने वाले दिनों में जिला, ब्लॉक, पंचायत एवं ग्राम स्तर तक कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों और विफलताओं को जनता के बीच पहुंचाएंगे। बैठक में खाद एवं बीज की कमी से किसानों को हो रही परेशानियों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार की कार्यप्रणाली की आलोचना की गई। साथ ही जनपद पंचायत पाटन क्षेत्र क्रमांक 4 में होने वाले उपचुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियों एवं रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

### विविध संगठन भीषण गर्मी में स्कूलों के हाल और खुले में कर रहे आयोजन

# मेंटेनेंस के नाम पर नेहरू सांस्कृतिक भवन सालभर से बंद, कहां जाएं कलाकार

**पूर्व पीएम राजीव गांधी व रामविलास पासवान के हो चुके हैं कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

प्रदेश के सबसे बड़े और अनूठे आडिटोरियम बीएसपी के नेहरु सांस्कृतिक भवन के अब तक संधारण नहीं होने और सालभर से बंद होने का खामियाजा रंगमंच और विभिन्न सांस्कृतिक संगठनों के नाटकों और सांस्कृतिक आदि आयोजनों के लिए भुगतना पड़ रहा है। कलाकार भीषण गर्मी में खुले परिसरों और स्कूलों आदि के तंग सभागारों में कार्यक्रम करने मजबूर हो रहे हैं। इस मामले में बीएसपी के विभागीय अधिकारी उदासीन बने हुए हैं। सांस्कृतिक संस्थाओं ने प्रबंधन से नेहरु भवन के जल्द रिनोवेशन कर खुलवाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि साठ साल पुराना बीएसपी का सेक्टर 1 स्थित नेहरु सांस्कृतिक भवन मेंटेनेंस के नाम पर पिछले एक साल से अधिक समय से बंद पड़ा है। कई बड़े आयोजनों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रमुख केंद्र रहा करीब एक हजार सिटिंग क्षमता वाला यह प्रसिद्ध आडिटोरियम टूट फूट की हालत में है। यहां पिछले छह दशकों से दो दर्जन नाट्य संगठनों के राष्ट्रीय व बीएसपी स्तर की नाट्य स्पर्धाओं, नाटकों सहित विभिन्न संस्थाओं के विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ साल से यह भवन सालों पुराना होने से टूटफूट के चलते सालभर सें बीएसपी नें संधारण के लिए इसमें ताला जड़ रखा है। संगठनों व कलाकार लंबे समय से इसके रिनोवेशन की मांग कर रहे हैं। लेकिन अब तक संधारण किया गया है और न ही भवन का ताला ही खोला गया है। इसकी कीमत आग उगलती गर्मी में विभिन्न संगठनों को स्कूलों, निजी भवनों और खुले परिसरों में नाटक आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम करने पड़ रहे हैं।



### भीषण गर्मी में खुले में आयोजन

इस दौरान आयोजकों व प्रतिभागियों व दर्शकों को होने वाली परेशानी का सहज अंदाज लगाया जा सकता है। पिछले 27 दिन से इप्टा का बाल नाट्य शिविर नेहरुभवन के खुले परिसर में सुबह 7 से 12 बजे तक चला। पहली बार शिविर का समापन समारोह भिलाई विद्यालय के छोटे हाल में आयोजित करना पड़ रहा है। इसमें सौ से अधिक बच्चे शामिल हुए। इस दौरान कलाकारों व पालकों ने विभागीय अधिकारियों से जल्द नेहरु भवन मेंटनेंस व खुलवाने का आग्रह भी किया। अब सभी को आश्वासन की समयसीमा का इंतजार है। कलाकारों ने बताया कि बीएसपी द्वारा एक के बाद एक सांस्कृतिक आयोजनों से हाथ खींचने के बाद इसके मुख्य स्थल नेहरु भवन को ही बंद कर देना पचास साल तक कला संस्कृति को बढ़ावा देने वाले बीएसपी प्रबंधन के लिए विचारणीय है। जल्द ही डायरेक्टर इंचार्ज से मिलकर नाट्य व अन्य सामाजिक सांस्कृतिक संगठन जल्द रिनोवेट करने की मांग करेंगे।

### प्रदेश में इकलौता था रिवाल्विंग स्टेज

शहर ही नहीं छत्तीसगढ़ के सबसे भव्य , पुराने और अपनी तरह के अनूठे नेहरु भवन आडिटोरियम का रंगमंच व लोकमंच आयोजनों सहित स्कूलों और विभिन्न संगठनों के सांस्कृकि, सामाजिक, राजनीतिक और बीएसपी के समारोहों के आयोजनों का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां देश के नामचीन कलाकारों के कार्यक्रम सहित भिलाई महिला समाज के स्थापना दिवस समारोह, व स्कूलों के वार्षिकोत्सव बीएसपी की नाट्य स्पर्धाएं व दर्जनभर नाट्य संगठनों के नाट्योत्सव आदि होते रहे हैं। यहां 1984 में बतौर कांग्रेस महासचिव राजीव गांधी व बाद इस्पात मंत्री रामविलास पासवान का भव्य कार्यक्रम व बीएसपी नेहरु पुरस्कार समारोह होता रहा है। लेकिन अब आयोजनों के लिए आयोजकों को गर्मी व बारिश में भारी परेशानी हो रही है। कलाकारों ने बताया कि नेहरु भवन एकमात्र ऐसे आडिटोरियम था जिसमे स्टेज रिवाल्विंग व साउंड को इको होने से रोकने के लिए अंदर दीवारों में मजबूत प्लाइनुमा प्लेटें लगी लगाई गई थीं। स्टेज का परदा भी आटोमेटिक उठने वाला था। यहां 900 दर्शक सीटें हैं। ग्रीनरुप, टायलेट वाशरुम आदि सुविधाएं थीं। लेकिन बीएसपी ने पांच साल पूर्व स्टेज को समतल कर रिवालिंग सिस्टम को निकाल दिया। अब स्टेज की आवाज इको होती रहती है। भवन भी बाहर से जर्जर हो चुका है।

# भिलाई तीन और कुम्हारी में चला चेकिंग अभियान पकड़े गए संदिग्ध लोग



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- अटल आवास परिसरों में पुलिस पहुंची
- बिना नंबर प्लेट वाहनों संदिग्ध भी मिले

अपराधियों को नकेल कसने के लिए भिलाई तीन और कुम्हारी थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बेहतर करने के लिए संदिग्धों का शिनाख्त करने, असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस टीम चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के तहत उम्दा अटल आवास, कुम्हारी क्षेत्र अंतर्गत 320 अटल आवास में सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट की बाइक संदिग्ध व्यक्तियों,आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों की जांच की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी प्रगति नगर चरोदा निवासी शेक शहीद को धारदार हथियार के साथ पकड़ा गया।

इसके अतिरिक्त दो अन्य संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। अभियान में भिलाई तीन, जामुल, वैशाली नगर, कुम्हारी, एएनटीएफ, डीएसबी, एसीसीयू समेत लगभग 60 अधिकारियों, कर्मियों का बल शामिल रहा। दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील किया है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, अवैध हथियार, असामाजिक तत्वों की सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस को बताए। जिससे कानून व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो सके।

# पार्षद के अवैध निर्माण को निगम ने तोड़ा

- बिना अनुज्ञा रोड व रास्ते की जमीन पर था निर्माण

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत अवैध अतिक्रमण के खिलाफ निगम प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। निगम की संयुक्त टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी के माध्यम से रोड एवं रास्ते की भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण को हटाया। खास बात यह है कि पार्षद द्वारा ही यहां पर अवैध कब्जे कर निर्माण करवाया जा रहा था। निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार एन. संतोषी एवं एन. शैलजा पति एन. धनराजु, निवासी राजीव आवास निवासी कोहका कैलाश नगर कुरूद भिलाई द्वारा प्लाट खसरा नंबर 1606/109 एवं 1606/110 में बिना भवन अनुज्ञा के रोड एवं रास्ते की भूमि पर अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा था। एन शैलेजा पार्षद हैं। इस मामले की शिकायत के बाद राजस्व विभाग द्वारा जांच करवाई गई थी। उसके बाद कब्जे हटाने कहा गया था लेकिन संबंधितों द्वारा कोई समाधानकारक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके बाद आज जोन-2 राजस्व विभाग, बेदखली टीम एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की सहायता से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर में अवैध अतिक्रमण एवं बिना अनुमति निर्माण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।




## जवाहर मार्केट में सड़क पर सामान फैलाने वाले 26 व्यापारियों पर जुर्माना



**भिलाई।** नगर निगम ने मंगलवार को पावर हाउस जवाहर मार्केट क्षेत्र में यातायात को बाधित करने वाले और दुकान के बाहर सामान निकालकर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कड़ी चालानी कार्रवाई की। निगम आयुक्त को लगातार शिकायत प्राप्त हो रही थी । निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए ऐसे 26 व्यापारियों पर अर्थदंड लगाया, जिनसे कुल 13,000 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। कार्रवाई के दौरान निगम प्रशासन द्वारा सभी व्यापारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे अपनी दुकानों का सामान सीमा के भीतर ही रखें। किसी भी परिस्थिति में नाली के बाहर या सड़क पर सामान न फैलाएं। नाली को छोड़कर ही दुकान लगाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बाजार में आने वाले नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो और यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे। जवाहर मार्केट शहर का एक प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है। सभी व्यापारी निगम का सहयोग करें और स्वेच्छा से सड़कों व नालियों को अतिक्रमण मुक्त रखें।

# लंबित मामलों का निराकरण 24 राशन दुकानें निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले की 24 राशन दुकानों का संचालन लंबे समय से अटैचमेंट में चल रहा था। कोर्ट में प्रकरण लंबित होने के कारण इन दुकानों के संचालन के लिए नई समितियों का निर्धारण नहीं हो पा रहा था। कोर्ट से प्रकरणों के निराकरण के बाद इन सारी दुकानों का आवंटन निरस्त कर दिया गया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 की कंडिका 16 के तहत यह कार्यवाही की गई है। निरस्त दुकान-महिला स्व सहायता समूह, संगवारी खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उप सेवा सह समिति, नवीन महिला स्व सहायता समूह, शंकरा महिला स्व सहायता समूह, जय शक्ति महिला स्व सहायता समूह, जय श्री कृष्ण महिला स्व सहायता समूह, दुर्ग सहकारी विपणन समिति, कृषक सेवा सहकारी समिति कोहका, जय सदाराम महिला स्व सहायता समूह, मां अन्नपूर्णा स्व सहायता समूह, सामुदायिक विकास समिति भिलाई, एकता महिला स्व सहायता समूह, सामुदायिक विकास समिति भिलाई, बीएसपी प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार, सहकारी उपभोक्ता भण्डार भिलाई, विन्ध्यवासिनी महिला स्व सहायता समूह, नवीन प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार, स्टील नगर महिला स्व सहायता समूह, मं जय भवानी महिला स्व सहायता समूह, इस्पात कर्मचारी कन्ज्यूमर कोआपरेटिव स्टोर्स भिलाई, सामुदायिक विकास समिति रविदास नगर भिलाई, संतोषी महिला स्व सहायता समूह, भूतपूर्व सैनिक कल्याण संघ केम्प 1 भिलाई और प्रेरणा महिला स्व सहायता समूह शामिल हैं। शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन के लिए आवेदन केवल संबंधित वार्ड की स्थानीय संस्था द्वारा ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। 15 जून तक आवेदन किया जा सकता है।

खाद्य नियंत्रक अनुराग सिंह भदौरिया ने बताया कि पूर्व में लंबित मामलों के निराकरण के बाद ही दुकानों के आवंटन को निरस्त किया गया है। नए का निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप आवंटन किया जाएगा।

# अंडा में बना बिजली का नया सब स्टेशन, 38 गांवों में होगी सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी निरंतर और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में अंडा में लगभग 30 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से 132/33 केवी के नए उपकेन्द्र का निर्माण किया गया है। इसकी क्षमता 80 एमवीए है। उपकेंद्र को ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने बटन दबाकर ऊर्जीकृत किया। दुर्ग जिले के 38 से अधिक गांवों के विद्युत उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की बिजली मिल सकेगी।

शुक्ला ने कहा कि प्रदेश के पारेषण नेटवर्क को मजबूत बनाने का कार्य योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। इसी के तहत ग्राम अंडा में 132/33 केवी के नए उपकेंद्र की स्थापना की गई है। जिसमें 40 एमवीए के दो पॉवर ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। इस उपकेंद्र से 33 केवी के 5 नये फीडरों के माध्यम से सुचारु रुप



से बिजली सप्लाई की जाएगी। इस उपकेंद्र के निर्माण से मुख्य रुप से अंडा, विनायकपुर, चंद्रखुरी, तिरगाझोला, कुथरेल, हनोदा, अंजोरा, मोहंदीपाट, निकुम, आलबरस, सकरौद, खप्परवाड़ा, रिसामा, चिंगरी, परसदा, ओटेबंद एवं देवरी सहित लगभग 38 ग्रामों को लाभ मिलेगा। इस निर्माण से अंडा और उसके आसपास के उद्योगों, कृशि क्षेत्र एवं घरेलू उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूण विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त उक्त कार्य से 132 केवी उपकेंद्र पुलगांव एवं इरागुड़ा का भार कम होगा और उन्हें बड़ी राहत मिलेगी, जिसके परिणामस्वरुप दुर्ग षहर को भी अतिरिक्त बिजली की सप्लाई सुनिष्चित होगी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक दुर्ग क्षेत्र संजय खंडेलवाल, कार्यपालक निदेशक केएस मनोटिया, मुख्य अभियंता अब्राहम वर्गीस, प्रसन्ना गोस्वामी एवं संजय तिवारी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश तिवारी, अधीक्षण अभियंता एसके भूआर्य, आरके मिश्रा, कार्यपालन अभियंता छगन शर्मा, डीके भारती एवं सिद्धार्थ भवसार सहित कंपनी के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। विभाग की इस बड़ी उपलब्धि से दुर्ग जिले के उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होने के साथ ही औद्योगिक और कृषि विकास को भी एक नई गति मिलेगी।

## नगपुरा निस्तारी तालाब ठेठवार डबरी चढ़ा अवैध कब्जे की भेंट

**भिलाई।** ग्राम नगपुरा में नगपुरा-बोरई मार्ग पर स्थित निस्तारी तालाब ठेठवार डबरी का लगभग एक चौथाई भाग भू माफियाओं ने अवैध कब्जा कर पटवा दिया गया है। जिससे लोगों को और जानवरों के लिए गंभीर पेयजल संकट की समस्या हो रही है। उतना ही नहीं मलमा से पटवाने के कारण जानवरों को तालाब में उतरना- चढ़ना भी मुश्किल हो रहा है। भीषण गर्मी की वजह से यह तालाब सूख चुका है लेकिन बारिश के दिनों में इस तालाब में भरपूर पानी एकत्र होता है। जिससे ग्रामीणों को बेहद मदद मिलती है। बस स्टैंड नगपुरा से बोरई रोड पर स्थित पुराना निस्तारी तालाब ठेठवार डबरी है। जिसका पटवारी हल्का नंबर 3 है। जिसका खसरा नंबर 1828 एवं पुराने रिकार्ड के अनुसार रकबा 1.13 हेक्टेयर है।

## अंडा में 30.50 करोड़ की ...

लगभग 38 ग्रामों को लाभ मिलेगा। यह नया उपकेंद्र 33/11 केवी उपकेंद्र अंडा के समीप बनाया गया है। इस निर्माण से अंडा और उसके आसपास के उद्योगों, कृषि क्षेत्र एवं घरेलू उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूण विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त उक्त कार्य से 132 केवी उपकेंद्र पुलगांव एवं इरागुड़ा का भार कम होगा और उन्हें बड़ी राहत मिलेगी, जिसके परिणामस्वरुप दुर्ग षहर को भी अतिरिक्त बिजली की सप्लाई सुनिष्चित होगी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक दुर्ग क्षेत्र संजय खंडेलवाल, कार्यपालक निदेशक के.एस.मनोटिया, मुख्य अभियंता अब्राहम वर्गीस, प्रसन्ना गोस्वामी एवं संजय तिवारी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश तिवारी, अधीक्षण अभियंता एस.के.भूआर्य, आर.के.मिश्रा, कार्यपालन अभियंता छगन शर्मा, डी.के.भारती एवं सिद्धार्थ भवसार सहित कंपनी के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पलारी में भाजपा ...

के विकास कार्योर् प्रगति पर है। भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि बूथ स्तर तक कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं और भाजपा प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार जनसंपर्क किया जा रहा है। भाजपा के समर्थन में सभी वार्डोर् में वार्ड की बैठके हो रही है और मैं कह सकता हूं कि वार्ड के बैठक में जिस प्रकार के कार्यकर्ता आ रहे हैं। जिस प्रकार से लोगों में उपस्थिति हो रही है। मैं कह सकता हूं कि पहली बार अध्यक्ष और पार्षद भारतीय जनता पार्टी का बनेगा।

**पेज 9 का शेष**

## गौ तस्करी रोकने ...

पुलिस टीम के पहुंचने से पहले गौ कोचिया द्वारा गौ पुत्र पुरुषोत्तम सिंह राजपूत को पैसे का लेनदेन का प्रयास किया गया, बात नही बनी तो फिर मोबाइल पर ही देख लेने की धमकी दी। इसका भी वाइस रिकडिंर्ग गौसेवकों ने रखा है। इस बीच एक बोलेरो वाहन क्रमांक 6114 में बी जामगांव के लगभग 10 से 11 लोग आकर गौ सेवक डेमन सिंह और कीर्तन सिन्हा को गाली दे कर जन से मारने की धमकी दी। इसका भी रिकडिंर्ग गौसेवकों ने रखा है। पुलिस टीम पहुंची तब कोचिये भाग गए। लेकिन बाद में पशु बाजार ठेकेदार के पहुचने के बाद उन्ही गौवंशो को कोचियो के हवाले कर दिया गया और पुलिस टीम द्वारा जिला गौ धाम समिति के अध्यक्ष योगेश्वर यादव और ड पुरुषोत्तम सिंह राजपूत सदस्य सादे कागज पर आवेदन ले लिया गया, मारपीट करने वालों पर भी प्राथमिकी दर्ज करने के बजाय लिखित शिकायत देने कहा। गौ सेवकविवेक पाटीदार ने कहा गौ माता के संरक्षण में कठोर कानून क्यों नहीं और स्वयं जान की बाजी लगा गौ सेवक प्रशासन को सहयोग करते है उनकी सुरक्षा कौन करेगा।

गौ सेवक नरेंद्र जोशी ने कहा कब तक गौ माता कटती रहेगी, केंद्र और राज्य में सनातनी सरकार है फिर गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने में, कठोर कानून बनाने में देरी क्यों, बालोद से एक जन आंदोलन की अब आवश्यकता है। सदस्य गौ धाम जिला समिति गव्य सिद्ध पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने कहा ये वाकयात होते रहेंगे गौ सेवकों को अंगूठा दिखा प्रशासन के नाक के नीचे से गौ तस्करी होती रहेगी। इसका एकमात्र उपाय है करहीभदर और खेरथा दोनों ही मवेशी बाजार बंद हो। इस आशय का आवेदन बालोद जिला के गौ सेवकों कलेक्टर कार्यालय में जनदर्शन में दिया गया है, महीनों बीत गए अब तक परिणाम कार्यवाही के रूप में नहीं आया। व्याख्याता एवं विभाग प्रमुख कुटुंब प्रबोधन आरएसएस निर्मल साहू ने कहा करहीभदर और खेरथा बाजार के बाद अब कंवर, सनौद, ओझागहन और तितुरगहन आदि ग्राम गौ तस्करी में उभर रहे है, जबकि कंवर पुलिस चौकी है और सनौद थाना है। प्रश्न होता है क्या पुलिस से ज्यादा निर्भय है गौ तस्कर।

अध्यक्ष जिला गोधाम समिति, जिला संयोजक गौ सेवा गतिविधि योगेश्वर यादव ने कहा नगझर की घटना सोचने पर विवश करती है कि किसके लिए पशु क्रूरता अधिनियम 1960, संशोधन 2004, 2011, 2014, 2025 बनाया गया है। जब इसका पालन करने को कोई तैयार ही नहीं है, क्या गौ सेवकों को ऐसा ही अपमानित और मारपीट का शिकार होते रहना पड़ेगा। करहीभदर और खेरथा बाजार तुरंत बंद करो नहीं तो उग्र आंदोलन कि बाध्ययता गौ भक्तों की होगी।

# बीएसपी में मॉकड्रिल





**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा विगत दिनों में रोल टर्निंग शॉप (आरटीएस) विभाग के फोर्जिंग एवं ब्रेजिंग सेक्शन में संभावित कोक ओवन गैस रिसाव आपदा की स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कोक ओवन गैस रिसाव की काल्पनिक आपात स्थिति निर्मित की गई, जिसके माध्यम से कर्मचारियों एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों ने नियंत्रित परिस्थितियों में समन्वित बचाव एवं सुरक्षा उपायों का अभ्यास किया। अग्निशमन सेवा विभाग से अतिरिक्त मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजय धवस, विजय देवांगन, एसके पाण्डेय, सुरक्षा के आर साहू, सहायक महाप्रबंधक सुनील शुक्ला आदि शामिल हुए।

## खबर संक्षेप



### स्वच्छ नगर को साफ सुथरा बनाने ठोस कचरे के निपटारे पर दिया जोर

**पाटन।** नगर पंचायत कार्यालय में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 एवं सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, समस्त वार्ड पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत कुमार वर्मा,इंजिनियर प्रवीण कुमार साहू तथा स्वच्छता विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश क्रमांक 6147/2023 के तहत वार्ड पार्षदों को अपने-अपने वार्डों में स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण के प्रति जनजागरूकता एवं निगरानी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ नगर के निर्माण के लिए नागरिकों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। बैठक में बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार अब प्रत्येक परिवार एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठान को कचरे का पृथक्करण करना अनिवार्य होगा। मिश्रित कचरा रखने की अनुमति नहीं होगी तथा सभी नागरिकों को चार अलग-अलग रंग के डस्टबिन का उपयोग करना होगा।

### शिविर में बताई समस्याएं

**जामुल।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत नगर पालिका जामुल के वार्ड क्र. 16 मंगल भवन में वार्ड क्र. 16, 17, 18 के लिए जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया जिसमें आम लोगों ने 334 आवेदन प्रस्तुत किये जिसमें 290 मांग एवं 44 शिकायत से संबंधित था। आवेदन संबंधित विभागों को भेजा गया। पात्र 3 हितग्राही को प्रधानमंत्री आवास की भवन अनुज्ञा प्रदान की गई।

### धान परिवहन में प्रशासनिक लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे समिति प्रबंधक

**धमधा।** धान खरीदी के बाद समय पर परिवहन नहीं होने से अब सेवा सहकारी समितियों के प्रबंधकों पर कार्रवाई की तलवार लटकने लगी है। धमधा विकासखंड की 38 सेवा सहकारी समितियों में वर्ष 2025-26 के दौरान किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की गई थी। खरीदी का कार्य 15 नवंबर 2025 से शुरू होकर 31 जनवरी 2026 तक चला, लेकिन खरीदी के महीनों बाद भी कई समितियों से धान का पूर्ण परिवहन नहीं हो पाया है। समिति प्रबंधकों का आरोप है कि प्रशासन की लचर परिवहन व्यवस्था के कारण धान लंबे समय तक खुले में पड़ा रहा, जिससे भीषण गर्मी और लगातार मौसम के प्रभाव के चलते धान में अत्यधिक सूखत एवं खराबी आई। अब इसी नुकसान की भरपाई के लिए प्रशासन द्वारा समिति प्रबंधकों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की जा रही है। प्रबंधकों ने आरोप लगाया कि परिवहन व्यवस्था लगभग एक माह तक पूरी तरह ठप रही और आज तक कई समितियों का धान पूरी तरह नहीं उठ पाया है। इसके बावजूद प्रशासन अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाय समिति कर्मचारियों पर दबाव बनाकर नुकसान की भरपाई कराने का प्रयास कर रहा है।

### ग्रामसभा में चर्चा बिना शुरू हुआ तालाब खुदाई कार्य, ग्रामीणों का आरोप

# कुथरेल में तालाब खुदाई को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी, सुरक्षा और पारदर्शिता पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम कुथरेल में इन दिनों तालाब की खुदाई का कार्य तेजी से चल रहा है, लेकिन इस कार्य को लेकर ग्रामीणों में कई तरह की आशंकाएं और सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि तालाब की खुदाई के लिए न तो किसी प्रकार का विधिवत प्रस्ताव पारित किया गया और न ही ग्रामसभा में इसकी आवश्यकता एवं स्वरूप पर व्यापक चर्चा की गई।

ग्रामीणों के अनुसार तालाब की खुदाई अत्यधिक गहराई तक की जा रही है, जिससे भविष्य में इसका उपयोग आम नागरिकों एवं मवेशियों के लिए कठिन हो जाएगा। लोगों का कहना है कि तालाब का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों और पशुओं को जल उपलब्ध कराना होता है, लेकिन वर्तमान स्वरूप में तैयार किया जा रहा तालाब अपनी उपयोगिता खो सकता है।

ग्रामीणों ने यह भी आशंका जताई है कि





अत्यधिक गहराई के कारण भविष्य में किसी बड़े हादसे की संभावना बनी रहेगी। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और मवेशियों के तालाब में गिरकर डूबने का खतरा लगातार बना रहेगा। ग्रामीणों का मानना है कि विकास कार्यों में सुरक्षा मानकों और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

इधर गांव में यह चर्चा भी जोरों पर है कि तालाब खुदाई कार्य से जुड़े हितों के बदले ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पंचों को लगभग एक लाख रुपये खर्च कर विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया गया था। हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन ग्रामीण इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तालाब खुदाई कार्य की तकनीकी जांच कराई जाए, इसकी स्वीकृति प्रक्रिया और उपयोगिता का परीक्षण किया जाए तथा सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की जनहानि या दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो।

इसके अलावा तालाब खुदाई में लगे डम्परों की लगातार आवाजाही से गांव की कच्ची सड़कों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई मार्ग जर्जर हो चुके हैं, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षतिग्रस्त सड़कों का निरीक्षण कर शीघ्र मरम्मत कराने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

# निकुम क्षेत्र में गांवों में अभियान 99 बालिकाओं को एचपीवी टीका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दुर्ग के आदेशानुसार तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी दुर्ग (निकुम) के मार्गदर्शन में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु किशोरी बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण अभियान जारी है। इस अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष से अधिक एवं 15 वर्ष से कम आयु की सभी बालिकाओं को जिले के सामुदायिक, सिविल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में एच पी वी का टीका लगाया जा रहा है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम में मंगलवार 26 मई 2026 को 08 किशोरी बालिकाओं को एच पी वी टीका लगाया गया। वहीं अब तक कुल 99 किशोरी बालिकाओं का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया कि एच पी वी टीका सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव में प्रभावी माना जाता है। शासन की इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ रही है और अभिभावकों में उत्साह देखा जा रहा है। टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी जी.आर. भूआर्य, सेक्टर सुपरवाइजर तुलसी राम यादव, ललीता वर्मा, उषा देशमुख, रत्ना कुहिकर, स्टाफ नर्स जेस्सी चेरियन, नागवंशी सहित सेक्टर के सभी कर्मचारियों एवं मितानिनों का विशेष सहयोग रहा।

# डीएमएफ मद के निर्माण कार्यों में गड़बड़ी का आरोप सर्व आदिवासी समाज ने दी आंदोलन की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

आदिवासी बहुल क्षेत्र में जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद से कराए गए 22 बिंदुओं के निर्माण कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाते हुए सर्व आदिवासी समाज ने आंदोलन का निर्णय लिया है। समाज के पदाधिकारियों का कहना है कि इस संबंध में पूर्व में न्यायाधीश एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी को शिकायत सौंपकर जांच और कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई है। इसी मुद्दे को लेकर आयोजित सर्व आदिवासी समाज की बैठक में सर्वसम्मति से आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि यदि जल्द ही निर्माण कार्यों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो समाज उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

बैठक में रोहित माहला, भोला राम नेताम, तुलेश्वर हिचामी, आत्म राम कोड़ों, राजेश चूरेंद, देव कोर्राम, समीर धुर्वे सहित बीरेंद्र उसेंडी एवं अन्य समाजजन उपस्थित रहे।

# डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए दिशा-निर्देश जारी, समय से पहले पहुंचे परीक्षार्थी

**बालोद।** जिला प्रशासन द्वारा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों के आधार पर जिले के परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होने वाली डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश जारी कर दिया गया है। जिससे की प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने के लिए किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी अजय किशोर लकरा ने बताया कि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर के माध्यम से 04 जून को जिले के 10 परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपर 12.15 बजे तक संपन्न होगी। लकरा ने प्रवेश परीक्षा के संबंध में जारी किए गए दिशा–निर्देशों के संबंध में बताया कि जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन करने को कहा गया है। जिससे कि उन्हें परीक्षा दिवस के दिन कोई असुविधा न हो। इसके साथ ही परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 02 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे जिससे उनका फ्रिस्किंग तथा फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सकें।

परीक्षा प्रारंभ होने के आधे घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। इसलिए समय का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को कहा गया कि हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े परीक्षा देने आए, काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने के उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। परीक्षार्थी फुटवियर के रूप चप्पल पहने, कान में किसी भी प्रकार का आभूषण धारण करना वर्जित होगा। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घण्टा में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधा पहले परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घड़ी, पर्स पाउच, स्कार्प, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है।

प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंटआउट ले और पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करें क्योकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापम की प्रति परीक्षा केन्द्र में जमा हो जाएगी। परीक्षार्थी को परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र, ड्राईविंग लाइसेंस, पेनकार्ड, आधारकार्ड जिसमें अभ्यर्थी का फोटों का एक मूल पहचान पत्र परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा, जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगें। परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में केवल काले व नीले बालपाइंट पेन को ही उत्तर अंकित करने हेतु उपयोग में लाए। चयन प्रवेश के समय प्रवेश पत्र मांगा जाता है अतः इसे सुरक्षित रखें व्यापम द्वारा दोबारा प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा। निर्देशों का पालन न करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा देने से वंचित किया जाएगा, परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी।

### कलेक्टर की जांच से पहले ही ठेकेदार ने उखाड़ दी घटिया सड़क इंजीनियर सैंपल लेकर लौटे

**भिलाई।** भिलाई नगर निगम अंतर्गत 22 में अवैध प्लॉटिंग करने वालों को जमीन का अच्छा रेट देने के लिए बनाई गई जंगल में लाखों की सड़क बनने के तीन दिन बाद ही उखड़ने लगी। इस सड़क की गुणवत्ता को देखकर महापौर नीरज पाल ने इंजीनियर्स के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही कलेक्टर से मांग की वो इसकी जांच करवाएं और ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करें, लेकिन इंजीनियर ने कलेक्टर की जांच टीम बनने से पहले ही सड़क को उखड़वा दिया। इंजीनियर ने ठेकेदार से घटिया बेस को नहीं उखड़वाया। मंगलवार को कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी विभाग की टीम मौके पर जांच करने पहुंची तो उन्हें सड़क उखड़ी मिली। इसके बाद उन्होंने वहां से डामर और गिट्टी का सैंपल कलेक्टर किया और लौट गए। जोन 2 वैशाली नगर क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग से 78 लाख 30 हजार की लागत से सड़क डामरीकरण का काम ठेकेदार शशांक जैन को दिया गया था। उसके द्वारा बनाई गई सड़क में बीएम वर्क होने के तीन दिन बाद ही सड़क में गिट्टी उखड़कर इधर उधर बिखरने लगी।

**भीषण गर्मी में शरीर में पानी की कमी पड़ सकती है भारी**

# भीषण गर्मी में लू का खतरा बढ़ा, डॉ. सौरभ जैन ने जारी की स्वास्थ्य सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। दोपहर के समय चल रही तपती हवाएं अब सीधे स्वास्थ्य पर असर डाल रही हैं। ऐसे हालात में दल्लीराजहरा के चिकित्सक डॉ. सौरभ जैन ने आम लोगों के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सलाह जारी करते हुए लू को बेहद खतरनाक बताया है। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी केवल इंसानों के लिए ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षियों के लिए भी घातक साबित हो रही है। समय रहते सावधानी नहीं बरती गई तो लू के कारण शरीर में पानी और लवण की भारी कमी होकर गंभीर स्थिति पैदा हो सकती है।

डॉ. जैन ने बताया कि तेज धूप और गर्म हवाओं के लगातार संपर्क में रहने से शरीर का तापमान असामान्य रूप से बढ़ जाता है। इस स्थिति को सामान्य भाषा में लू लगना कहा जाता है। यदि समय पर उपचार नहीं मिले तो यह स्थिति जानलेवा भी बन सकती है। उन्होंने लोगों से दोपहर के समय विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है।



उन्होंने बताया कि लू लगने पर तेज सिरदर्द, चक्कर आना, सांस लेने में परेशानी, बार-बार उल्टी होना, शरीर में असहनीय दर्द, त्वचा का सूख जाना और शरीर का अचानक लाल तथा गर्म हो जाना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसके अलावा तेज बुखार, भूख न लगना, दस्त-उल्टी, मांसपेशियों में ऐंठन और दिल की धड़कन अनियमित होना भी लू के गंभीर संकेत हो सकते हैं। ऐसे लक्षण नजर आते ही तुरंत सावधानी और उपचार जरूरी है। डॉ. सौरभ जैन ने गर्मी से बचाव के लिए सात महत्वपूर्ण उपाय भी बताए। उन्होंने कहा कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक बिना जरूरी काम के घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। बाहर निकलते समय सूती, ढीले और हल्के रंग के कपड़े पहनना चाहिए तथा सिर को गमछे या टोपी से ढंककर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि खाली पेट धूप में निकलना बेहद खतरनाक हो सकता है। बाहर जाने से पहले पर्याप्त पानी पीना जरूरी है। दिनभर नींबू पानी, जीवन रक्षक घोल, नारियल पानी और बेल का शरबत जैसे पेय पदार्थ लेते रहना चाहिए ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। भोजन में बासी, तला-भुना और अत्यधिक मसालेदार खाद्य पदार्थों से बचते हुए सलाद और हल्के भोजन को प्राथमिकता देना चाहिए। डॉ. जैन ने यह भी बताया कि बेल का शरबत, चंदनासव और गिलोय का काढ़ा शरीर को ठंडक पहुंचाने में मददगार होते हैं। तेज धूप में आंख और कान की सुरक्षा भी बेहद जरूरी है, इसलिए धूप का चश्मा उपयोग करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को लू लग जाए तो उसे तुरंत छांव में लिटाकर सिर पर ठंडे पानी की पट्टी रखनी चाहिए तथा पेय पदार्थ पिलाने चाहिए। हालत गंभीर होने पर बिना देर किए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाना जरूरी है।

डॉ. सौरभ जैन ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बीमारी होने के बाद उपचार कराने से बेहतर है पहले से सावधानी बरती जाए। थोड़ी सी जागरूकता और सतर्कता लोगों को बड़ी परेशानी और गंभीर बीमारी से बचा सकती है।

# शासन से मंजूरी मिली नहीं और शुरू कर दिया 45 लाख के तालाब गहरीकरण व सौंदर्यीकरण का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- टेंडर प्रक्रिया कर एजेंसी भी तय कर ली, लेकिन कार्यआदेश अब तक जारी नहीं

नगर निगम दुर्ग के वार्ड-17 और 18 की सीमा में स्थित शक्तिनगर तालाब के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण के नाम पर बड़ी अनियमितता सामने आई है। राज्य शासन से बिना स्वीकृति मिले ही काम शुरू कर दिया गया है। करीब 45 लाख रुपए के इस काम में तालााब का गहरीकरण, पिंचिंग और दो से तीन घाट का निर्माण किया जाना है।

खास बात यह है कि तालाब के पानी को खाली कराया गया है। इसकी वजह से आसपास के क्षेत्रों में भीषण जलसंकट के हालात निर्मित हो गए हैं। वॉटर लेवल एकदम से नीचे चला गया है। स्थानीय लोगों द्वारा लगातार इसे लेकर शिकायत भी की जा रही है, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है। इस बीच अनियमितता के इस मामले में कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल और नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने राज्य शासन से इस पूरे मामले की शिकायत करने की बात कही है। इधर मंगलवार को महापौर अल्का बाघमार और लोककर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर ने निगम के अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया। काम को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि शक्ति नगर तालाब के संरक्षण एवं जल संरचना को मजबूत बनाने के उद्देश्य से तालाब गहरीकरण एवं पिचिंग कार्य कराया जा रहा है। आगामी बारिश को देखते हुए स्वीकृति की प्रत्याशा पर टेंडर प्रक्रिया की गई है।

### शक्तिनगर तालाब का काम तेजी से किया जा रहा, 15 दिन में पूरा करने की तैयारी

45 लाख रुपए के इस काम में वर्तमान में कार्य लगातार प्रगति पर है तथा निगम प्रशासन द्वारा गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। महापौर अल्का बाघमार, लोककर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर ने स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने आगामी 15 से 20 दिनों के भीतर कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा तालाब की संरचना अधिक मजबूत और सुरक्षित होगी। महापौर ने अधिकारियों को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर में आधारभूत सुविधाओं के विकास के साथ-साथ जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। तालाबों का संरक्षण

# नेहरू की दूरदर्शी सोच ने देश को विकास और लोकतंत्र की मजबूत राह दिखाई : रतिराम कोसमा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- जवाहरलाल नेहरू को दल्ली राजहरा में भावपूर्ण श्रद्धांजलि

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने नेहरू के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए ऐतिहासिक योगदान को स्मरण किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतिराम कोसमा ने



कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के वास्तविक शिल्पी थे। उन्होंने देश को लोकतंत्र, वैज्ञानिक सोच, औद्योगिक विकास और आत्मनिर्भरता की ऐसी मजबूत दिशा दी, जिसकी बदौलत आज भारत विश्व में अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि बड़े उद्योग, शैक्षणिक संस्थान, वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र एवं सार्वजनिक उपक्रम नेहरू की दूरदर्शी सोच का परिणाम हैं। रतिराम कोसमा ने कहा कि नेहरू ने देश को केवल आजादी के बाद संभाला ही नहीं, बल्कि भविष्य के भारत की मजबूत नींव भी रखी। उनकी नीतियों ने भारत को विकास, एकता और सामाजिक समरसता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया।सभा को नगर पालिका के छाया अध्यक्ष रवि जायसवाल, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री युवराज साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री के. ईश्वर राव, श्रीनिवास राव, पार्षद प्राची सिंहा, रोशन पटेल, सूरज विहार मंडल अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह तथा अजय छाजेड़ ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि पंडित नेहरू का व्यक्तित्व देश के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में प्रवीण शर्मा, अनूप कुमार, सुदामा शर्मा, रमेश कुमार सिंहा, कृष्णा यादव, विजय जोगदंड, दिनेश उर्वासा, अजय बंटी नन्हारे, महेंद्र, लक्ष्मण शर्मा, नितेश बामेश्वर, आसाराम साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नितेश बामेश्वर ने किया।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## रूप नारायण सिंह का निधन सामाजिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति : रमशिला



**अंडा।** छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रूप नारायण सिंह के आकस्मिक निधन पर पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि रूप नारायण सिंह का असमय निधन सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं राजनीतिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। साथ ही यह उनके लिए व्यक्तिगत रूप से भी बड़ी क्षति है। रमशिला साहू ने भावुक होते हुए कहा कि रूप नारायण सिंह सरल व्यक्तित्व, अनुशासित जीवन और मजबूत संगठन क्षमता के धनी थे।

## जनसमस्या निवारण शिविर की तिथि में बदलाव बघमरा शिविर स्थगित

**बालोद।** जिला प्रशासन द्वारा 28 मई को शासकीय अवकाश होने के कारण गुरूर विकासखण्ड के ग्राम फागुनदाह में 28 मई को आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर की तिथि में आंशिक संशोधन करते हुए शुक्रवार 29 मई को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। इसके साथ ही शुक्रवार 29 मई को बालोद विकासखण्ड के ग्राम बघमरा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर को स्थगित कर दी गई है।

## अग्निवीर भर्ती का चयन परिणाम जारी

**बालोद।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती वर्ष 2025–26 हेतु विभिन्न पदों पर चयन परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के कुल 1163 युवाओं को सफलता प्राप्त हुआ है। चयन परिणाम भारतीय थल सेना की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसके साथ ही सेना भर्ती कार्यालय नवा रायपुर के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी बालोद ने बताया कि चयनित सभी अभ्यर्थियों को 28 मई को सुबह 07 बजे प्रारंभिक निर्देशों के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर शहिद वीर नारायण सिंह अंतराष्ट्रीय किकेट स्टेडियम के पास नवा रायपुर में उपस्थित होना है। उन्होंने बताया कि बालोद जिले के अभ्यर्थी जो अग्निवीर भर्ती वर्ष 2025–26 हेतु चयनित हुए हैं, वे अपनी चयन संबंधित जानकारी जिला रोजगार कार्यालय बालोद को उपलब्ध कराने एवं 28 मई को सुबह 07 बजे सेना भर्ती कार्यालय रायपुर में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कराने को कहा गया है।

## बीएसपी से स्क्रैप कॉपर चोरी करनेवाला गिरफ्तार

**भिलाई।** बीएसपी से स्क्रैप कॉपर पार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भट्ठी पुलिस ने बताया कि स्टेशन मरोदा बी.आर.पी. कॉलोनी वार्ड 16 निवासी नेमचंद यादव अपने दोस्तों के साथ संयंत्र परिसर में अवैध रूप से प्रवेश कर 210 किलोग्राम स्क्रैप कॉपर चोरी करने की सूचना सीआईएसएफ ने पुलिस को दी। जांच में नेमचंद यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपने दोस्तों के साथ वाहन सीजी 07 बीएफ 9243 में स्क्रैप कॉपर लोड कर चोरी कर ले जाना स्वीकार किया।

### कला का अद्भुत उत्सव: 35 महिलाओं-बच्चियों को आत्मनिर्भरता की दी नई उड़ान

# चिखलाकसा में निःशुल्क कला शिविर बना प्रेरणा का केंद्र, महिलाओं और बच्चियों ने सीखी नई कलाएं







हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर पंचायत चिखलाकसा में इस बार गर्मी की छुट्टियां केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि कला, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का अनोखा संगम देखने को मिला। माथुर परिवार की बहू नेहा माथुर द्वारा आयोजित छह दिवसीय निःशुल्क ग्रीष्मकालीन कला शिविर ने पूरे क्षेत्र में नई मिसाल कायम कर दी। इस शिविर में 35 महिलाओं और बच्चियों को विभिन्न कलात्मक विधाओं का प्रशिक्षण दिया गया। सबसे खास बात यह रही कि प्रशिक्षण के लिए आवश्यक महंगी सामग्री भी पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई गई।

शिविर में रेसिन कला, बोतल सज्जा कला, मिट्टी कला, मोमबत्ती सज्जा, दर्पण सज्जा और पेन धारक निर्माण जैसी आकर्षक कलाएं सिखाई गईं। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ नई-नई कलाएं सीखीं और अपनी रचनात्मक प्रतिभा को निखारा। प्रशिक्षार्थियों की विशेष मांग पर शिविर की अवधि एक दिन और बढ़ाई गई, जिससे उत्साह और भी बढ़ गया। समापन समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष कुंती देवांगन ने आयोजन की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि बड़े शहरों में ऐसे आयोजन आम बात हो सकती है, लेकिन चिखलाकसा जैसे क्षेत्र में इस स्तर पर निःस्वार्थ भाव से कला शिविर आयोजित करना अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि बिना किसी शुल्क के प्रशिक्षण देना, घर का स्थान उपलब्ध कराना और महंगी कला सामग्री भी निःशुल्क देना समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने पूरे माथुर परिवार के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए अगले वर्ष भी ऐसे आयोजन जारी रखने की अपेक्षा जताई। शिविर केवल कला तक सीमित नहीं रहा, बल्कि मनोरंजन और प्रतियोगिताओं ने भी प्रतिभागियों में नया उत्साह भरा। आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में चंचल साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिशिका कुकरेजा और जपसीन भाटिया द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि योगिता, खुशी और पहल ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षक नेहा माथुर ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों में कई बच्चे और महिलाएं समय का सदुपयोग नहीं कर पाते तथा आर्थिक अभाव के कारण कला सीखने से वंचित रह जाते हैं। इसी सोच के साथ उन्होंने यह पहल की, ताकि हर प्रतिभागी बिना किसी खर्च के नई कला सीख सके। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनकी बनाई कलाकृतियां घर ले जाने की अनुमति भी दी, जिससे वे आगे अभ्यास कर आत्मनिर्भर बन सकें। प्रख्यात लेखिका डॉ. शिरोमणि माथुर ने कहा कि माथुर परिवार वर्षों से सामाजिक और साहित्यिक गतिविधियों में सक्रिय रहा है और अब नेहा माथुर ने कला सेवा के माध्यम से इस परंपरा को नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि निःस्वार्थ भाव से लगातार छह दिन तक प्रशिक्षण देना समाज के लिए प्रेरणास्पद कार्य है।

समापन अवसर पर निरुपमा माथुर, अनीता जैन और विनीता बाफना विशेष रूप से उपस्थित रहीं। पूरे आयोजन के दौरान प्रतिभागियों और अभिभावकों में भारी उत्साह देखने को मिला तथा चिखलाकसा क्षेत्र में इस अनूठे कला शिविर की खूब सराहना हुई।

# गातापार के मजदूर परिवार के बेटे लीलाधर साहू का अग्निवीर में चयन, गांव में खुशी की लहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

गातापार के गरीब मजदूर परिवार का बेटा लीलाधर साहू का अग्निवीर के रूप में चयन हुआ है। चयन की खबर मिलते ही पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ पड़ी, स्वागत करने समाज की पदाधिकारियों की भीड़ उमड़ी।

लीलाधर के पिता गिरधारीलाल साहू दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद लीलाधर ने हार नहीं मानी और दिन–रात मेहनत कर सेना में भर्ती होने का सपना पूरा किया। इसी खुशी के मौके पर गांव के समाज के पदाधिकारियों व वरिष्ठजनों ने लीलाधर के घर पहुंचकर उसका सम्मान किया। साहू समाज परिक्षेत्रीय अध्यक्ष टेश राम साहू, उपसरपंच दिलीप साहू, पंच युवराज साहू, पंच पवन साहू, नरेन्द्र साहू, नित्यानंद साहू, गजेंद्र साहू, देवेंद्र साहू, धर्मेंद्र साहू, भूषण साहू सहित अन्य गणमान्य लोगों ने लीलाधर को शॉल, नारियल भेंट कर आशीर्वाद दिया। इस दौरान लीलाधर की माता ललिता की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े।

इस अवसर पर परैक्षेत्रिय अध्यक्ष टेश राम साहू ने कहा कि देशभक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अग्निवीर बनकर देश की सेवा करने के लिए दिया प्लेटफार्म और लीलाधर ने यह साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी सुविधा की मोहताज नहीं होती। आज हमारे गांव का बेटा देश सेवा के लिए जा रहा है, इससे बड़ा गर्व का पल और नहीं हो सकता। यह गांव के हर युवा के लिए प्रेरणा है। लीलाधर साहू ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता, गुरुजनों और गांव वालों के आशीर्वाद को दिया। उसने कहा कि वह पूरी ईमानदारी से देश की सेवा करेगा।

# आदर्श शहर समृद्धि योजना में गुरुर नगर पंचायत शामिल, भाजपा नेताओं ने जताया आभार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा आदर्श समृद्धि योजना अंतर्गत में शुरू होने जा रही आदर्श शहर समृद्धि योजना के प्रथम चरण में 32 नगरीय निकायों का चयन, जिसमें बालोद जिले के गुरुर नगर पंचायत को शामिल किया गया।

छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश के नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के समग्र एवं संतुलित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करने जा रही है। बड़े शहरों के साथ–साथ उभरते नगरों और कस्बों को भी आधुनिक शहरी सुविधाओं से सुसज्जित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा 'आदर्श शहर समृद्धि योजना' शुरू करेगी। आदर्श शहर समृद्धि योजना के पहले चरण में प्रदेश के 32 नगरीय निकायों को शामिल किया गया है। इनमें दुर्ग संभाग के अंतर्गत बालोद जिले के गुरुर नगर पंचायत को शामिल किया गया है। पहले चरण में जिले के गुरुर नगर पंचायत को शामिल किए जाने पर भाजपा जिला बालोद के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख एवं समस्त वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, जनप्रतिनिधिओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया है। गौरतलब हो कि, आदर्श शहर समृद्धि योजना राज्य के छोटे और मध्यम शहरों के व्यवस्थित विकास की महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के माध्यम से सड़क, जलापूर्ति, ड्रेनेज, परिवहन, पार्क, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य सामुदायिक सेवाएं, रोजगार व्यापार ,उद्यमिता, प्रोत्साहन, ई गवर्नेंस, स्मार्ट ट्रैफिक, सुरक्षा प्रणाली, हरित क्षेत्र, नवीकरणीय ऊर्जा, जन संरक्षण, सुझाव शिकायत निवारण, और रिपोर्टिंग प्रणाली एवं अन्य कार्य कर नागरिक सेवाओं को मजबूत किया जाएगा। आदर्श शहर समृद्धि योजना अंतर्गत शहर के आवश्यकता अनुरूप तथा नगरीय निकायों के अध्यक्ष, पार्षद गणों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर कार्य किए जाएंगे।

# जल संचय अभियान की समीक्षा बैठक 31 मई तक शत-प्रतिशत एंट्री के निर्देश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जल संचय, जन भागीदारी अभियान 2.0 के कार्योंर् की प्रगति के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर पूर्ण, प्रगतिरत एवं प्रस्तावित कार्योंर् की विस्तृत समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने जेएसजेबी पोर्टल में जल संचय, जन भागीदारी अभियान के अंतर्गत पूर्ण कार्योंर् के एंट्री के संबंध में विभागवार जानकारी ली गई।

चंद्रवंशी ने सभी विभाग प्रमुखों को 31 मई तक अधिक से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण कर जेएसजेबी पोर्टल में उनका शत प्रतिशत एंट्री करने के निर्देश भी दिए। बैठक में पंचायत एवं कृषि विभाग के उप संचालकों के अलावा जिला शिक्षा अधिकारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में सीईओ चंद्रवंशी ने बारी–बारी से विभागवार निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगतिरत एवं पूर्ण जल संरचनाओं के निर्माण के संबंध में जानकारी ली।

# अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के लिए 5 जून को रायपुर में रोजगार मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर की उपसंचालक डॉ. शशी अतुलकर ने बताया कि अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के लिए रोजगार हेतु रोजगार मेला का आयोजन 05 जून को सुबह 11 बजे से 03 बजे तक शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक कॉलेज बैरन बाजार रायपुर में किया जा रहा है।

उहोंने बताया कि यंग इंडिया के तत्वावधान में आयोजित इस रोजगार मेला में क्रेडालिस केपिटल प्राइवेट लिमिटेड, आई. ट्रेड टेलिमेटिक्स निगरानी जी.पी.एस. रामा उद्योग प्राइवेट लिमिटेड, बारबर्रिक ट्रान्सफार्मर्रस, अविनाश डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड एवं स्काई ऑटोमोबाईल (मारूति नेक्सा) रायपुर द्वारा योग्यतानुसार अस्थिबाधित दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। चयनित आवेदकों को उनके योग्यता एवं पद के अनुसार लगभग 11 हजार रूपये से 30 हजार रूपये तक मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा तथा उनका कार्यक्षेत्र जिला रायपुर रहेगा। उहोंने बताया कि राज्य के समस्त इच्छुक अस्थिबाधित दिव्यांगजन, जो बिना व्हीलचेयर के चलने फिरने में सक्षम है तथा जिनकी आयु सीमा 18 वर्ष से 40 वर्ष तक है, वे इस रोजगार मेला में शामिल हो सकते है।


दिव्यांगजन अपने सभी प्रमाण–पत्रें 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, बी.ई., आई.टी.आई., डीसीए, पीजीडीसीए आदि उत्तीर्ण की अंकसूची, तकनीकी योग्यता प्रमाण–पत्र, दिव्यांगता प्रमाण–पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र, रोजगार पंजीयन प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड आदि के मूल एवं फोटोकॉपी की एक प्रति एवं दो पासपोर्ट साइज के फोटो के साथ कैम्प में उपस्थित हो सकते है। उन्होंने बताया कि आवेदकों को रोजगार मेला में आने जाने हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

# खाद-बीज की पर्याप्त आपूर्ति की मांग को लेकर किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

## मुख्यमंत्री के नाम सात सूत्रीय ज्ञापन, किसान हितों की उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग, दोषियों पर कार्रवाई की मांग





किसानों को खाद एवं बीज की संपूर्ण एवं निर्बाध आपूर्ति हेतु भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम अधिकारी को सात सुत्रीय ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि देश में आए संकट को भारतीय किसान संघ गंभीरता से समझ रहा है। संकट की इस घड़ी में किसान भी देश के साथ खड़ा है। अन्नदाता होने के कारण सबका पेट भरने का दायित्व किसान का है, परंतु फसल उगाने के लिए जिन कृशि आदानो की आव"यकता होती है, वह तो लगना ही है। खाद की व्यवस्था सरकारे ही करती है, यदि खाद की व्यवस्था में कमी होगी तो निश्चित ही फसल पर इसका प्रभाव पड़ेगा, किसान की अजीविका कृषि पर ही निर्भर है। यदि उत्पादन कम होता है तो किसान की आर्थिक स्थिति पर प्रभाव पड़ेगा। भारतीय किसान संघ लगातार खाद की कालाबाजारी के विरोध में भाजपा सरकार को चेताता रहा है और यह दुर्भरग्यपूर्ण है कि सरकार ने कभी इसे रोकने के ठोस प्रयास नही किए है, परंतु अब जब विशम अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियो का किसानो की जीविका पर सीधा असर पड़ने पर भी किसानो से सहयोग की अपेक्षा की जा रही है। खाद की कालाबाजारी खुलेआम जारी रहने देना अक्षम्य है।

किसान संघ ने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा है कि यह सुनिश्चित करे कि प्रदेश में खाद एवं बीज की किसी भी प्रकार की कमी ना होने पाए। यदि किसान हित पर कोई भी आंच आती है तो किसान संघ भविष्य में बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

किसान संघ ने मांग किया है कि समितियो में पर्याप्त खाद की व्यवस्था की जाए, किसानो को प्रति एकड़ एक बोरी डीएपी एवं दो बोरी यूरिया दिया जाए। सभी निजी खाद विक्रेताओ पर दबाव बनाकर सही मूल्य में किसानों को खाद उपलब्ध करवाई जाए। अधिक मूल्य में खाद विक्रय करने वाले सभी विक्रेताओ पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाए।

एग्रीस्टैक में पंजीकृत सभी किसानो को समितियो में नगद में खाद देने की व्यवस्था की जाए। नैनो उर्वरको के प्रयोग की सही जानकारी के अभाव एवं इन उर्वरको की वर्षों के प्रति असंवेदनशीलता को देखते हुए इन उर्वरको के प्रयोग में विफलता की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए प्रति किसान दिए जाने वाले नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया की कीमत घटाकर मात्रा को दुगुना किया जाए। किसानो को कृषि कार्य के लिए डीजल, कंटेनर, जैरीकेन में भी दिया जाए। गुणवतापूर्ण बीजो का भंडारण समितियो में करवाया जाए। हरी खाद के लिए ढेंचा, सन, मूंग आदि के बीजो को सस्ती दर में उपलब्ध कराई जावे।

## मैरिज पार्टी में विवाद, मैनेजर के खिलाफ कार्रवाई

**भिलाई।** कोसी एरो क्लब एंड रिसॉर्ट में फेक मैरिज पार्टी का समारोह चल रहा था। इस दौरान विवाद उत्पन्न होने पर पुलिस ने मैनेजर के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि कोसी रिसोर्ट में फेक मैरिज पार्टी का आयोजन किया गया था। फेक मैरिज को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी जताई थी। ग्रामीणों ने इसे लेकर आपत्ति जताया था और आरोप था कि आयोजन से हिंदू धर्म के विवाह संस्कार का अपमान होगा। जिससे क्षेत्र में तनाव और विवाद की स्थिति बन गई थी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, खेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# संक्रामक बीमारियों की रोकथाम हेतु विकासखंड में चलेगा स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

बारिश के पूर्व संक्रामक बीमारियों की रोकथाम एवं गांवों को स्वच्छ व सुंदर बनाने के उद्देश्य से डौंडीलोहारा विकासखंड में स्वच्छाग्रही समूह द्वारा व्यापक स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत गांव-गांव में श्रमदान, नाली सफाई और डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। ग्राम रेंगनी की रमन बावरे एवं संबलपुर की रेखा जोशी ने बताया कि स्वच्छाग्रही समूह गांवों में लगातार मेहनत कर रहे है। ट्रायसिकल के माध्यम से घर-घर कचरा संग्रहण किया जा रहा है। पहले ग्रामीण महिलाएं शहरों की तर्ज पर गांवों में भी कचरा संग्रहण व्यवस्था का सपना देखती थीं, जो अब साकार हो चुका है। आज महिला समूह की सदस्य स्वच्छाग्रही बनकर गांव की गलियों में ट्रायसिकल चलाते हुए स्वच्छता का संदेश दे रही हैं।

भीमकन्हार की कृष्णा जांगड़े एवं सेंम्हरडीह की संगीता प्रीतम ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) से जुड़कर कार्य करने का अवसर मिला है, जिसे वे पूरी जिम्मेदारी के साथ निभा रही हैं। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण शुरू होने के बाद गांवों से गंदगी दूर हो गई है और अब गांव साफ-सुथरे नजर आते हैं।

स्वच्छाग्रही महिला समूह की ब्लॉक अध्यक्ष रमन बावरे ने बताया कि बारिश पूर्व गांवों में जनजागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को श्रमदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। ग्रामीणों की सहभागिता से बरसाती नालियों की सफाई कर गांव की गलियों और मोहल्लों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जाएगा, जिससे संक्रामक बीमारियों से बचाव संभव होगा।

बटेरा की महेश्वरी देहारी एवं दुधली की गोमती देशमुख ने बताया कि समूह की महिलाएं पूरी मेहनत और समर्पण के साथ कार्य कर रही हैं तथा सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथिन मुक्त गांव बनाने का संकल्प लिया गया है।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा ने कहा कि व्यक्तिगत शौचालयों के उपयोग से अब गांवों की सड़कों के किनारे गंदगी नहीं दिखाई देती। पहले बदबू और गंदगी के कारण लोगों को परेशानी होती थी, लेकिन अब गांवों में स्वच्छ वातावरण और ताजी हवा का अनुभव होता है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज देव ने कहा कि डौंडीलोहारा विकासखंड के गांवों में स्वच्छाग्रही समूह की मेहनत से व्यापक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। गांव पहले की अपेक्षा अधिक स्वच्छ और सुंदर दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने स्वच्छाग्रही समूह की महिलाओं की सराहना करते हुए उनके कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर





राजस्थान टूर
जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 03 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2026
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411